Title: Need to construct Railway overbridge/underbridge at Railway crossings in Banda Parliamentary Constituency.-laid

श्री आर. के. सिंह पटेल (बांदा): उत्तर-मध्य रेल प्रयागराज जोन के अंतर्गत मेरे संसदीय क्षेत्र बांदा-चित्रकूट में झाँसी प्रयागराज रेलवे लाइन में खोह रेलवे फाटक, अतर्रा रेलवे फाटक, मानिकपुर-सतना रेलवे लाइन पर रेलवे फाटक, मारकुंडी रेलवे फाटक आदि क्रासिंग पड़ती है जहां पर रेलवे फाटक बंद होने से गाड़ियों की काफी लंबी लाइन लगती है, जिससे आम जनमानस को काफी दिक्कतें होती है, तथा आए दिन दुर्घटनाएं देखने को मिलती है ।

अतः सरकार से मांग करता हूँ कि जनता की मांग को ध्यान में रखते हुये उपरोक्त रेलवे क्रासिंगों पर रेलवे ओवर ब्रिज/अंडरब्रिज का निर्माण कराकर समस्या का समाधान कराने का कष्ट करें ।